# <u>संदेश</u>

ओणम के पावन पर्व पर मैं, सभी देशवासियों को विशेष रूप से देश और विदेश में रह रहे केरल के भाइयों व बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूँ।

नई फसल की खुशी में मनाया जाने वाला ओणम का त्योहार केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परम्परा का अनुपम उदाहरण है। धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे यह पर्व हमें एक-दूसरे के साथ सहयोग करके आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह त्योहार हमारे अन्नदाता किसानों के प्रति आभार व्यक्त करने का भी अवसर है।

आइए, ओणम के इस अवसर पर हम सब मिलकर अपनी सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प लें।

***********